उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

ब्राह्मण समाज के मिलन पर्व एवं पत्रिका विमोचन कार्यक्रम का आयोजन।



संवाददाता हर्ष राठी मोदीनगर। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा (पंजीकृत) के तत्वावधान में 25 अक्टूबर 2026 को खाटू श्याम मंदिर, मोदीनगर, गाजियाबाद में ब्राह्मण बालक-बालिकाओं के पाणिग्रहण संस्कार के लिए परिचय एवं मिलन पर्व तथा 'ब्रह्म पुष्पदीप' पत्रिका विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित माधव शर्मा, पंडित जे.पी. शर्मा एवं राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. पंडित के.सी. गौड़ के सानिध्य में प्रभु परशुराम जी की पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हेमंत कौशिक रहे, जबकि सभापति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित हरवीर शर्मा रहे।मिलन पर्व में ब्राह्मण समाज के बालक-बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों ने अपना परिचय दिया। उपस्थित विप्र बंधुओं एवं विदुषियों द्वारा 'ब्रह्म पुष्पदीप' पत्रिका का विमोचन किया गया। वक्ताओं ने समाज की एकजुटता और उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का संचालन पंडित प्रमोद हितेषी ने किया। समापन पर सभापति पंडित हरवीर शर्मा ने आशीर्वचन देते हुए सभी को भोजन प्रसादी के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम में सैकड़ों विप्र बंधु एवं विदुषियां उपस्थित रहीं।

एक नज़र में

राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस पर गाजियाबाद पहुंचे कार्यकर्ता।
भगवान श्री राम ने किया ताड़का का वध।
राया पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ युवक को किया गिरफ्तार।
राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस पर गाजियाबाद पहुंचे कार्यकर्ता।
रामलीला के तीसरे दिन लीला का शुभारंभ अरविंद शर्मा ने आरती कर किया।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस पर गाजियाबाद पहुंचे कार्यकर्ता।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया से अलीगढ़, हाथरस और मथुरा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी होंगे शामिल, राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू को सुनेंगे। राया । राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अलीगढ़ जिले से कार्यकर्ताओं का जत्था गाजियाबाद पहुंचा इस कार्यक्रम में राया, हाथरस, मथुरा और अलीगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे।राष्ट्रीय हनुमान दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रावत ने बताया कि संगठन के छठवें स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान संगठन की गतिविधियों, उद्देश्यों और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा होने की संभावना है।

देश

भगवान श्री राम ने किया ताड़का का वध।



संवाददाता हर्ष राठी जवां: बरौली में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन ताड़का राक्षसी के वध की लीला का चित्रण किया गया। ऋषि विश्वामित्र राक्षसों से हवन यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ से राम लक्ष्मण को मांग कर वन में ले गए थे, उस वन में ताड़का राक्षसी ऋषि मुनियों के यज्ञ को ध्वस्त कर उनके साथ मारपीट करती थी विश्वामित्र जी की आज्ञा पाकर भगवान राम ने ताड़का राक्षसी का वध कर दिया जिससे ऋषि मुनियों ने राहत की सांस लेकर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में जानकी मंडल रामलीला के कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से लोगों को भाव विभोर कर दिया।

देश

राया पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ युवक को किया गिरफ्तार।



राया कट बंबा के पास से पकड़ा गया आरोपी, हाथरस जिले का निवासी है अभियुक्त आदिल। संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया (मथुरा)। थाना राया पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आदिल पुत्र फतेहपुरिया निवासी ऊंचागांव, थाना सादाबाद, जनपद हाथरस, उम्र करीब 20 वर्ष के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, 24 अक्टूबर 2026 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना राया पुलिस टीम ने राया कट बंबा के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी आदिल को शाम करीब 7:30 बजे गिरफ्तार कर लिया।

देश

राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस पर गाजियाबाद पहुंचे कार्यकर्ता।



राया से अलीगढ़, हाथरस और मथुरा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी होंगे शामिल, राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू को सुनेंगे। संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया । राष्ट्रीय हनुमान दल के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अलीगढ़ जिले से कार्यकर्ताओं का जत्था गाजियाबाद पहुंचा इस कार्यक्रम में राया, हाथरस, मथुरा और अलीगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे।राष्ट्रीय हनुमान दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रावत ने बताया कि संगठन के छठवें स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

देश

रामलीला के तीसरे दिन लीला का शुभारंभ अरविंद शर्मा ने आरती कर किया।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी श्री रामनाटक कमेटी द्वारा आयोजित हनुमान मढ़ी राया पर भव्य रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन का शुभारंभ गरिमामयी माहौल में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री ब्राह्मण सभा अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के प्रबंधक पं.अरविंद शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा श्रीराम चंद्र जी के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर और भव्य महाआरती उतारकर की गई। आरती के उपरांत मुख्य अतिथि अरविंद शर्मा का स्वागत समिति के पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया।